रंगीन टेलीविजन के बारे में हमारे माननीय बागड़ी जी ने एक बात यह कही थी कि रंगीन टेलीविजन करने के लिए हमारे करोड़ों रुपये खर्च हो जाएंगे, हमारे 30, 35 करोड़ रुपये खर्च हो जाएंगे। इस सम्बन्ध में मैं एक सुझाव साठे साहब को देना चाहता हूं। सन् 1982 में यहां पर एशिया खेल हो रहे हैं और मुझे पता लगा है कि जापान और बाहर के देशों ने इस की रंगीन फिल्म लेने के लिए आप से मांग की है। वे मांग क्यों कर रहे हैं? वे इसलिए इस की मांग कर रहे हैं कि रंगीन फिल्म ले कर संसार में उसको बेचें और नफा कमाएं। मेरा यह कहना है कि भारत सरकार के लिए यह एक बहुत अच्छा चान्स है कि यदि वह रंगीन टेलीविजन की व्यवस्था कर ले कुछ रुपया खर्च कर के और रंगीन मूवी ले कर संसार को बेचे, तो रंगीन टेलीविजन पर बहुत ज्यादा खर्च होने से जो उस के बजट पर प्रभाव पड़ता है, वह नहीं पड़ेगा और करोड़ों रुपया वह इस से प्राप्त कर सकती है। इस से केन्द्रीय सरकार के बजट पर जो प्रभाव पड़ता, वह नहीं पड़ेगा और अधिक रुपया उसे खर्च नहीं करना पड़ेगा। इस पर सरकार गंभीरता से विचार करे। खेलों की रंगीन फिल्म लें और संसार में उसको बेचें और किसी विदेशी एजेन्सी को फिल्म न लेने दी जाए। इस की मैं जोरदार मांग करता हूं और भारत सरकार इसके बारे में गंभीरता से सोचे क्योंकि यह एक नफे वाली बात है और इसी बहाने रंगीन टेलीविजन भी शुरू हो जाएगा और इस तरह से एक बहुत बड़ा काम होगा।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि यहां पर 'समय' की बात कही गई। विरोधी पार्टियों की तरफ से यह कहा गया कि उन को कम समय दिया जाता है। मुझे आप से यह शिकायत है कि हमें समय नहीं दिया जाता और मैं तो यह कहता हूं माननीय मंत्री जी से कि वे एक जांच कमीशन बैठाए और वह यह देखें कि हमारे और बागड़ी जी, हमारे और पासवान जी, हमारी और रामावतार शास्त्री जी की की बनी चर्चा होती है। यहां पर इस बारे में खूब चर्चा होती है। मैंने इन विरोधी पार्टियों को, जिन के नाम मैंने लिये हैं, आज तक यह जो पार्लियामेंट चालू हुई है और सातवीं पार्लियामेंट है, इस के अन्दर इन लोगों के नाम कितनी बार लिये गये और मेरा नाम कितनी बार लिया गया। उससे आप को अन्दाजा लग जाएगा कि कितना प्रोत्साहन विरोधी पार्टियों के लोगों को दिया जाता है और अनुपात को जो बात हमारे माननीय शर्मा जी ने कही, मेरा कहना है कि उस अनुपात के आधार पर हमें हक देना चाहिए। हमारा कोई उल्लेख नहीं होता है। शून्य काल के अन्दर कितना समय बर्बाद होता है, एक-एक और दो-दो घंटे बर्बाद हो जाते हैं और अध्यक्ष महोदय कहते हैं कि 'टू दि प्वाइन्ट बातें करिये' खड़े हो कर बात करिये लेकिन ये लोग खूब शोर मचाते हैं और एक घंटा, दो घंटे समय बर्बाद करते हैं।

अगस्त में अभी मैं लन्दन में था और वहां पर इन्डिया हाउस में हमारे माननीय अध्यक्ष महोदय, श्री बलराम जाखड़, भी थे

और वहां एक प्रेस कान्फ्रेन्स रखी गई थी । तो वहां पर प्रेस वालों ने पूछा कि आप के हिन्दुस्तान की पार्लियामेंट में रोज क्या हो रहा है और एक-एक, दो-दो घंटे बर्बाद होते हैं और वहां पर बड़ा शोरगुल होता है । इस का क्या मतलब है, यह भारत का पार्लियामेन्ट क्या मखौल बनी हुई है । तो उस समय माननीय अध्यक्ष, श्री बलराम झाखड़ ने यह कहा कि इस का जवाब मैं नहीं दे सकता क्योंकि मैं स्पीकर हूं और हमारे साथ ये मेम्बर आफ पार्लियामेंट आचार्य भगवान् देव हैं, जो यह बैठे हुए हैं, इसका जवाब ये देंगे । मैंने तुरन्त इस का जवाब दिया कि हम लोकशाही की स्थाप्ना किये हुए हैं और जनता पार्टी के शासन में हमारी पार्टी की अध्यक्षा को, श्रीमती इन्दिरा गांधी को, इस पार्टी ने तानाशाही अख्तियार कर के हाऊस से निकाला था और ये लोग तीन सेशनों में जो अगस्त तक हो चुके हैं, रोज शोरगुल करते हैं और हम ने एक भी विरोधी पार्टी के किसी सदस्य को इस हाऊस में से बहुमत के आधार पर नहीं निकाला और एक घंटे तक, दो घंटे तक और डेढ़ घंटे तक, ये शोरगुल करते हैं । उस की सूचना लन्दन तक को मिलती है । इससे बढ़ कर लोकशाही क्या हो सकती है । हम आप को मौका देते हैं कि आप को **जो बोलना हो, बोलो और यह सारी सूचना सारे संसार में जाता है और पता चलता है कि इन की क्या कीमत है, इन की क्या वेल्यू है । आज जब बागड़ी जी बोल रहे थे, तो मैंने बीच में कुछ कह दिया तो हमारे बागड़ी जी का दिमाग उस वक्त तनाव में आ गया और उन्होंने कहा "बैठ जाइए" । मेरा कहना यह है कि **"टू दि प्वाइन्ट"** आप बात कर के देखें । आप को दुनिया नहीं जानती है, अधिकारी नहीं जानते हैं, आकाशवाणी को पता नहीं कि आप कौन-कौन सी पार्टी बदलते हैं । जब आप इतनी पार्टी बदल चुके हैं, तो वे बेचारे क्या करें । आप एक स्थान पर हों तो पता लगे । आप लोक दल में हैं, राज नारायण के साथ हैं, चौधरी चरण सिंह के साथ हैं यह तो पता लगना चाहिए । इसलिए किसी कर्मचारी को दोष देना, मैं समझता हूं कि उचित नहीं है।

**श्री मनीराम बागड़ी** : मैं एक व्यवस्था चाहता हूं । क्या आप **अनुमति दे रहे हैं ? क्या यह सही है ?

**आचार्य भगवान देव** : जब अध्यक्ष महोदय, खड़े होते हैं तो ये खड़े रहते हैं, उस समय बैठते नहीं हैं । उस समय भी ये हुदंगड़ बाजी करते हैं ।

**सभापति महोदय** : आपका टाइम हो गया है ।

**आचार्य भगवान देव** : आपने जिस अन्दाज में बात की, उसका आपको अन्दाजा नहीं है । आपका तो चेहरा ही ऐसा है ।

माननीय सभापति महोदय, ये तो कुछ बातें विरोधी पार्टियों की थीं । अब मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं । एक तो मैं अपने एरिये के बारे में इस बजट में मांग करता हूं । मेरे क्षेत्र अजमेर में टेलीविजन टावर लगाने की बात थी । उसके बाद पता नहीं इसे क्यों टाला जा रहा है ? मेरे पास एक लेटर आ गया कि इसे स्थगित किया जाता है । आप शादी की तारीख निश्चित करने के बाद यह कहें कि शादी नहीं होगी तो यह तो बड़ा अन्याय है। आप अजमेर क्षेत्र पर ध्यान दीजिए । वहां बहुत बड़े कलाकार हैं । अजमेर एक शिक्षा का केन्द्र है । बड़े-बड़े विद्वान और कलाकार भी वहां हैं । वहां दरगाह शरीफ है, तीर्थराज पुष्कर है । वहां पर टेलीविजन केन्द्र की स्थापना करें ।

आकाशवाणी का भी एक केन्द्र जो कि सभी दृष्टियों से सम्पूर्ण हो, आप वहां खोलें । राजस्थान से बार्डर लगता है। जैसा कि हमारे जैन साहब ने कहा कि बार्डर पर लोग पाकिस्तान का रेडियो सुनते हैं, हमारा रेडियो नहीं सुनते हैं क्योंकि हमारी आकाशवाणी वहां पहुंचती ही नहीं है । इसलिए आपको वहां के लिए एक पावरफुल रेडियो स्टेशन देना चाहिए । आप राजस्थान को एक पावरफुल आकाशवाणी का केन्द्र दे दें जिससे कि वहां के लोग हमारी गतिविधियों को सुन सकें

**Expunged as ordered by the Chair.

[आचार्य भगवान देव]

वे पाकिस्तान की ही गतिविधियों को न सुनें। आशा है आप इस पर ध्यान देंगे और बाड़मेर हो या अजमेर हो, इस पर विशेष ध्यान देंगे।

एक मैं यह सुझाव देना चाहता हूं कि जिस भाषा के कलाकार हों उनको आपको उसी भाषा के प्रांत में रखना चाहिए। यह न हो कि राजस्थान के कलाकारों को आप तमिलनाडू में भेज दें। इस से उन्हें वहां कार्यक्रम नहीं मिल पाते। अगर आप को उनके तबादले करना ही है तो उसी प्रांत में एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन पर कर दें। अभी मुझे राजस्थान के कुछ कलाकार मिले थे, उन्होंने अपनी समस्या मेरे सामने रखी थी।

एक प्रार्थना मेरी सिंधी भाषा-भाषी लोगों के बारे में है। आपके प्रसारण केन्द्रों पर सिन्धी भाषा के कार्यक्रम निश्चित किये हुए हैं परन्तु मैंने दिल्ली में, भोपाल में, इन्दौर में, अहमदाबाद में, बम्बई में और बड़ौदा में यह देखा है कि वहां के आकाशवाणी केन्द्रों पर सिन्धी अधिकारी न हो कर अन्य अधिकारी हैं। कम से कम आपको सिन्धी सेक्शन में तो सिन्धी भाषा-भाषी अधिकारी रखने चाहिएं। हो सकता है कि आपकी कुछ मजबूरी हो लेकिन आप जानते हैं कि सिन्धियों का कोई प्रांत नहीं है, कोई रेडियो स्टेशन नहीं है। इसलिए सिन्धी सेल में सिन्धी ही अधिकारी रखने की आप कृपा करें।

मैं इस बजट का स्वागत और समर्थन करता हूं और आशा करता हूं कि जो सुझाव मैंने दिये हैं उन पर आप ध्यान देंगे।

*SHRI N. SELVARAJU (Tiruchirapalli): Mr. Chairman, on behalf of Dravida Munnetra Kazhagam to which I have the honour to belong, I would like to say a few words on the Demands for Grants of the Ministry of Information and Broadcasting for 1981-82.

I haxe come across in the recent past our hon. Minister's frequent stress on colour T.V. in our country. It is inexplicable to me why there is no mention about colour T.V. in the Annual Report of the Ministry. Similarly, I do not find any reference to the hon. Minister's speech about making the I & B Ministry the nodal point for all the activities of the Central Government so far as internal and international publicity are concerned.

I have gone through the Annual Report careully on 15.5.1959 TV was introduced in Delhi. After 22 yeears 15.2 per cent of the population has been covered by the TV and 61 per cent of the total area of the land has got TV coverage. When there are only 11,61,311 Television sets among the 68 crores of our people. I wonder how this wide coverage has been achieved. Even the urban coverage will not be this much, it will be very much less. Obviously there is somesthing wrong in these figures and I request the hon. Minister to clarify the position of T.V. coverage in our country.

Sir, we have the TV station in Madras city in Tamil Nadu. Being the coastal city, 40 per cent of TV coverage is wasted over sea and only 60 per cent of the TV coverage is given to the adjoining areas of Madras city. The land coverage of Madras TV station is very much less. There is the proposal to have satellite TV relay station in Kodaikanal in Madurai District. We have also the proposal to have a TV station in Trivandrum. With this, the southern tip of our land mass, Kanyakumari will have TV coverage. I say this from the point of view of wider coverage by TV of the central parts of Tamil Nadu. I suggest that a TV Relay station or a full-fledged TV Station should be set up in Tiruchirapalli. If this is done, the neighbouring districts of Tanjore, Pudukottai and Salem Districts will be covered by the

*The Original Speach was delivered in Tamil.

TV and about 1.6 crores of people will be able to view the TV.

I find that in the VI Plan Tamil Nadu has been completely neglected. When we compare Tamil Nadu with other States, West Bengal has been allotted Rs. 1071 lakhs, U.P. Rs. 974 lakhs Karnataka 626 lakhs and Tamil Nadu a paltry sum of Rs. 251 lakhs for the entire VI Plan. I would like to know why this step-motherly treatment has been meted out to Tamil Nadu I demand that justice should be done to Tamil Nadu so that the aspirations and hopes of the people of Tamil Nadu are not belied.

Some months back my leader Dr. Kalraignar Karunanidhi, who is the Opposition Leader in the Assembly, was participating in a public function and there was TV coverage of that function. The Chief Minister of Tamil Nadu could not tolerate the political importance being given to the political rival. He admonished the TV officials concerned by not inviting them to any public functions organised by the Government of Tamil Nadu. He wrongly briefed the Central Government also on this matter. After the officials re tracted, now they are allowed to be present in the public functions. It looks as though the Centre has also succumed to the political pressure of the Chief Minister of Tamil Nadu. That is what the people of Tamil Nadu feel about this sordid affair. Dr. Karunanidhi is an opposition leader and he should be given the due importance required in the democratic set up. Similarly, the TV people do not give importance to functions and receptions hosted in the Airports or in other places, which are attended by the local M.Ps. They do not give to the M.Ps. even the importance that is shown to a fourth rank film actor of Tamil Nadu. This also must be looked into by the hon. Minister.

The 9 P.M. news broadcast over A.I.R. is not only of national importance but also relayed over foreign channels. Unfortunately, the news-readers do not read the news; by they think that they are modulating their voice. But it looks that they are singing the news in a Hindustani raga. Similarly, the AIR announcers also give an impression that they are not announcing but singing. It should be ensure that well-trained personnel quite conversant with English should be asked to broadcast the 9 PM news. At present in Tiruchirappalli there is a relay station. All the equipment and machinery have been installed for converting into a full-fledged station. But on account of delay in the recruitment of personnel this is being delayed. It must be ensured that the Tiruchy station becomes an independent station immediately. If that is done, then the southern districts of Tamil Nadu will get Radio coverage.

The songs and other programmes being telecast are all out of tune with the modern times. The songs of films in which the Chief Minister acted some decades ago are telecast. The songs from new films do not get an opportunity. It is very essential that the AIR and the TV should be removed from the clutches of the Chief Minister of Tamil Nadu and be made to function independently.

All of us realise that the superstitious beliefs are the stumbling blocks in making spectacular economic and social progress in rural areas. Similarly, the evils of dowry system and the unrestrained child-bearing also hamper the progress which we want to make. Films depicting these things should be produced by the Films Division and be exhibited in the rural areas through mobile vans. The audio-visual experience will make the desired impact on the rural minds about these social evils. Similarly, films about the social tensions created by caste and communal conflicts should also be exhibited through films with the help of Mobile Vans.

For each Cabinet Minister one Information Officer is attached and his

[Shri N. Selvaraju]

main function seems to be to apprise the Press about the tour programmes of the Minister. He should be given a chance to get himself fully acquinted with the activities of the Ministry and also about the decisions taken in common interest. He should also be enable to give publicity over AIR and TV for such of those activities which relate to the common good and also which relate to economic and social good of the nation.

The I. & B. Ministry is loaded with many Departments. like AIR, Television, Films, Press Field Publicity Registrar of Newspapers etc. Because of this the Ministry is not giving the importance that is due to the Publication Division, under the charge of the I. & B. Ministry. It should be transferred to the Education Ministry or to the Ministry which is managing the Government of India Presses. The Books of Mahatma Gandhi, the Gazetter of India etc. are all published by the Education Ministry. The Publication Division entrusted with the responsibility of bringing out biographies of national leaders and their works should be under the charge of the Education Ministry. The books being brought out by the Publication Division are only in English and Hindi. The biographies of eminent men of Tamil Nadu like Thanthai Periyar, Arignar Anna, Mu. Varadarajanar, Kalyanasundaranar, Chidambaram Pillai should be published in Tamil by the Publication Division. The writings of my leader, Dr. Kalaignar Karunanidhi whose knowledge of Tamil is unparallelled must be published by the Publication Division.

There was a proposal to set up the 16 M.M. Film Centre in Madras and I do not know what political interference made the Government change the decision to located it in Madras. It is being set up in Bangalore now. The 16 M.M. film Centre will become a success only if it is located in Madras. I request the Government to change this decision and set it up in Madras.

The Food for Work Programme, the Small Farmers Development Agency Programmes and similar programmes are all being implemented through the State Government by the Centre. But the Government of Tamil Nadu through AIR and TV takes all the credit for such schemes and the people of Tamil Nadu are prevented from knowing that these schemes have been intimated by our hon. Prime Minister Mrs. Indira Gandhi. The hon. Minister should take steps to see that such undue advantage is not appropriated by the State Government of Tamil Nadu.

I have another suggestion to make. The vacancies that occur in the State and the central Pulic Undertakings and for which recruitment is proposed to be made should be announced in the regional languages over the AIR of concerned regions. This will go a long way to help the unemployed graduates in semi-urbans areas. Similarly, the AIR artists should be given precedence, irrespective of their age, in the jobs that occur in Television. That way only the *ad hoc* artistes of AIR will be able to get permanent jobs.

I have also to point out that the regional language newspapers do not get advertisements from the Directorate of Advertisements and Visual Publicity. It must be made automatic that any paper having a circulation of than 20,000 copies should get advertisements from the DAVP. The recent hike of 15 per cent customs duty on the newsprint in the 1981-82 Budget will aggravate the sickness in newspaper industry. The hon. Minister should use his good offices to get this hike reduced.

Lastly, the Censoring of films is not being done impartially. A Tamil Film is given 'A' Certificate and the same film with similar scenes in another languages gets 'U' certificate.

This is wrong. The local dignitaries should be given a chance to serve on the Regional Censor Board and the local M.P. should be made to serve on the Regional Censor Board. This will remove the imbalance which is being there now.

With these words I support the Demands for Grants of the Ministry of Information and Broadcasting.

**श्री कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी** (शिमला) : सभापति महोदय, सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय की जो डिमांड्ज हमारे सामने हैं, मैं इसका समर्थन करता हूं ।

जहां तक हमारे साठे साहब का सवाल है, मैं यह समझता हूं कि सारे हिन्दुस्तान में इस तरह से इन्होंने अपनी डिमांड रखी है, जिससे हमको आशा बंधती है कि कुछ न कुछ काम होने वाला है । पहले जो सरकार थी, उसकी उपलब्धियां भी हमने देखी हैं । उसमें यह बात साफ थी कि उस समय इस तरह का प्रसारण भी होता था कि जो आदमी मरा नहीं है, जिन्दा है, इनकी पार्टी का राष्ट्र का नेता है, उसको भी मरा हुआ बताकर इस सदन में उसके लिये झंडे गिरा दिये गये कि वह मर चुके हैं। इसी तरह से रेडियो का प्रसारण सारे का सारा इसी तरह का था । सिर्फ हिन्दुस्तान में ही उसकी बदनामी नहीं हुई, बाहर के मुल्कों में भी इसकी बदनामी हुई ।

आज हमारे सामने बहुत बड़ी जिम्मेदारी है । यह ऐसा विभाग है, ऐसा मंत्रालय है जिसको सिर्फ हिन्दुस्तान ही नहीं बल्कि सारी दुनिया इसको सुनती है । अगर कोई गलत प्रसारण होता है तो उससे हम बच नहीं सकते, जिम्मेदारी हमारी है । अपोजिशन वाले कहते हैं कि हमारा कोई प्रचार नहीं होता है । मेरा कहना यह है कि अपोजिशन का सबसे ज्यादा प्रचार होता है । वह खड़े होते हैं तो उसका प्रचार होता है कि खड़े हो रहे हैं, विपक्ष के लोग जब वाक-आउट करते हैं तो उसका प्रसारण भी होता है । जब हम लोग यहां से कहते हैं कि भाइयो, बैठ जाओ, आपका और हमारा दोनों का उद्देश्य यह होना चाहिये कि देश के सामने इस तरह का प्रदर्शन करें, इस तरह की बात करें कि लोगों को लगे कि इस माननीय सदन में जो हमारा मंदिर है हिन्दुस्तान का उसमें हम सब लोगों की आस्था है । हमको यहां पर नियम का पालन करना चाहिये और जहां तक हो अच्छे सजैश्चन देने चाहियें ।

अपने अपने क्षेत्र के टेलीविजन के बारे में बातें आई हैं । मैं साठे साहब से कहूंगा कि दिल्ली हमारे देश की राजधानी है, यहां टेलीविजन में किसानों का प्रोग्राम दिखाया जाता है, उस पर तो खूबसूरत कलाकार आने चाहिएं । यह नहीं होना चाहिये कि किसान को कहें यह करो यह करो । यहां बाहर के 80,85 कंटरीज के लोग भी रहते हैं । इसलिये टेलीविजन के कार्यक्रम में सुधार करने की आवश्यकता है ।

आप अमृतसर, जालन्धर वगैरा जगहों को देखिये । तमाम जगह आपके कलाकार अच्छे प्रोग्राम प्रदर्शित करते हैं, लेकिन दिल्ली की राजधानी में इन प्रोग्रामों को सुधारने की जरूरत है । मैं यह भी समझता हूं कि पिछले दिनों में जो यहां भर्ती हुई होगी, उसमें उन लोगों ने आर.एस.एस. के कैडर को घुसेड़ दिया होगा, समझ में नहीं आता है कि वह लोग क्या करते हैं । इसमें भी गहराई से छानबीन करने की जरूरत है ।

जहां तक आपकी उपलब्धियों का ताल्लुक है, वह बहुत ज्यादा है । जिस तरह से आपने प्रेस को आजादी देने की बात की है, इन लोगों ने कहा है कि प्रेस की आजादी खो दी है । मैं कहता हूं कि प्रेस का यह काम है कि देश की जो सही हालत है, वह आवाम के सामने जनता के सामने रखे । प्रेस का यह काम नहीं है कि फलां जगह उपद्रव हो गये, गड़बड़ हो गई और उसको छाप दिया । अखबारों का पेपर का काम है कि गांवों में जो डेवलपमेंट के काम होते हैं, जो हमारी सरकार नेक काम करती है, उसका प्रसारण वह करें । यह नहीं होना चाहिये कि बिना मतलब झूठी बातें पैसा कमाने के लिये अखबारों में छाप दें । जो

[श्री कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी]

अखबार इस तरह की बेहूदा खबरें छापते हैं, उनकी तरफ भी आपकी निगाह जानी चाहिये। हमको जल्दी फैसला लेने की जरूरत नहीं है, बल्कि सोच-समझकर इस तरह के कदम उठाने चाहियें। हिन्दुस्तान में प्रेस का, अखबार का बड़ा भारी रोल है, कार्यक्रम है जो कि हमारे देश को आगे ले जा सकता है। लेकिन हमारे सम्पादक, एडीटर और अखबार के मालिकों का भी फर्ज है कि इस सरकार को सिर्फ कमजोर करने के लिये अपने गन्दे अल्फाजों का इस्तेमाल करना छोड़ दें। इसके लिये जरूरी है कि जो सम्पादक, अखबार के मालिक हैं उनको एडवर्टाइजमेंट तब मिलने चाहिए जब वह हमारी सरकार की बातें भी लिखें। वह सारी बातें ऐसी भर देते हैं, मानो हिन्दुस्तान में कोई शासन ही नहीं है। देश को आगे ले जाने की बातें आनी चाहियें।

किसानों का जो प्रोग्राम देते हैं, उसमें दिखाया जाता है कि आलू, सेव और सन्तरे के भाव ये हैं, दर्जनों के हिसाब से उनको लिखा जाता है। रोज इसका प्रसारण होता है, लेकिन जब मार्किट में जाते हैं तो वह भाव नहीं मिलते हैं। तो इस तरह से जो लालों की दिल्ली के हिसाब से प्रसारण करते हैं, इसकी तरफ भी सरकार ध्यान दे। हमारे जमींदार बड़े भोले-भाले होते हैं। रेडियो का प्रोग्राम सारे देश में सुना जाता है और टेलिविजन के प्रोग्राम भी बहुत जगह देखे जाते हैं। हमारे यहां काश्मीर और हिमाचल प्रदेश में सेव पैदा होता है और आलू, टमाटर और गोभी की फसल होती है। जब वे लोग मार्किट में आते हैं, तो उन्हें रेडियो पर सुनाये गये भाव नहीं मिलते हैं। इस लिए यह जरूरी है कि किसान प्रोग्राम में बिल्कुल सही सूचना दी जाए।

रेडियो और टेलिविजन पर फैमिली प्लानिंग के अच्छे प्रोग्राम भी जरूर होने चाहिए, ताकि आम लोग उसके बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। जनता पार्टी वालों ने तो कह दिया था कि लोग अपनी खुशी से फैमिली प्लानिंग करायें, अगर हिन्दुस्तान की आबादी बढ़ती है, तो इसमें हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। उन्हें तो अपनी जिम्मेदारी का पता ही नहीं था। उनकी सरकार तो अपने आप खत्म हो गई। फैमिली प्लानिंग के कार्यक्रमों का प्रसारण ठीक होना चाहिए। अभी तक उनकी ठीक व्यवस्था नहीं है।

हमारे मंत्री बड़े समझदार हैं। हम उन्हें टेलिवीजन पर देखते हैं। हमारे अध्यक्ष, श्री बलराम जाखड़, तो सबसे लम्बे नजर आते हैं। वह इन्टरव्यू में भी कमाल करते हैं। टेलिविजन पर इन्टरव्यू करने वाले कन्फ्यूज हो जाते हैं।

मैं ये प्रोग्राम यहां दिल्ली में देखता हूं। शिमला में अभी तक टेलिवीजन सेंटर नहीं बनाया गया है, जिससे हिमाचल प्रदेश और काश्मीर के लोग भी फायदा उठा सकें। वहां की सब स्कीमें सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। कागजों में लिखा है कि वहां के लिए इतने करोड़ रुपये रखे गये हैं, लेकिन अभी तक किसी स्कीम को पूरा नहीं किया गया है। मैंने इस बारे में एक चिट्ठी भी लिखी थी, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। मंत्री महोदय हिमाचल प्रदेश की तरफ ध्यान दें। बजट में जो रकम रखी गई है, उसका उपयोग किया जाए। वहां पर बहुत जगह है। हिमाचल प्रदेश बार्डर का इलाका है। वहां के लोग हमेशा देश के प्रति वफादार रहे हैं। हमारे नौजवान हमेशा आजादी की लड़ाई में और फिर फौजी बन कर, देश के लिए लड़ते रहे हैं। हम चाहते हैं लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और नागालैंड वगैरह सीमावर्ती क्षेत्रों की तरफ ध्यान दिया जाये। रंगीन टेलिविजन का काम बाद में हो, उससे पहले हिन्दुस्तान की तस्वीर खूबसूरत, रंगीन पहाड़ों के वायु-मंडल तक पहुंचे।

हम मंत्री महोदय से निवेदन करते हैं कि वह हिमाचल प्रदेश में टेलिविजन केन्द्र खोलने की व्यवस्था करें। वह यह काम कर सकते हैं। हमारे यहां चैल एक ऐसी जगह है, जहां संसार का सब से बड़ा ग्राउंड है। माननीय पंडित जवाहरलाल

नेहरू वहां गये थे । अगर वहां पर टेलिविजन केन्द्र बन जाये, तो फायदा हो सकता है । कसौली एक फौजी छावनी है, इस लिए वहां के लिए इजाजत नहीं दी जाती है। हिमाचल प्रदेश में चैल, शिमला या सोलन में टेलिविजन केन्द्र बनाया जा सकता है।

एक क्वेश्चन के ज्वाब में मंत्री महोदय ने सब स्टेट्स के लिए रखे गये रुपये का ब्योरा दिया था । उसमें हिमाचल प्रदेश और काश्मीर को भी शामिल किया गया था । मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय उनकी तरफ तवज्जह दें ।

मैं इन मांगों का समर्थन करता हूं।

**श्री सत्य नारायण जटिया** (उज्जैन): सभापति महोदय, सूचना और प्रसारण एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और यह एक महत्वपूर्ण मंत्रालय है। हिन्दुस्तान में सब से पहले 1921 में इस की शुरुआत हुई। पहला कार्यक्रम 1923 में कलकत्ता से और फिर 1924 में बम्बई से प्रसारित हुआ। सूचना प्रसारण विभाग 1914 से तथा आजाद हिन्दुस्तान के सब से पहले सूचना और प्रसारण मंत्री बल्लभ भाई पटेल जिन्हें हम लौह पुरुष के नाम से जानते हैं । उन्होंने उस समय इस काम को देखा । इसके स्वायत्तता के लिए हमें कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे । हम किसी पक्ष के ऊपर इस की जवाबदेही डाल दें, इस से यह बात नहीं बनेगी । पंडित नेहरू ने 15 मार्च 1948 को संविधान में विदेशी प्रचार पर हुई बहस का उत्तर देते हुए कहा था कि--

"मेरे विचार में प्रसारण का स्वरूप यथा संभव ब्रिटिश ढांचे का बी.बी.सी. की तरह का होना चाहिए, अर्थात् अच्छा होगा कि यदि हम सरकार के अधीन अर्द्ध-स्वायत्त निगम रखें, जिस की नीतियां सरकार नियंत्रित करे, अन्य अर्थों में सरकारी विभाग के रूप में नहीं बल्कि एक अर्द्ध-स्वायत्त निगम के रूप में । लेकिन मैं नहीं सोचता कि यह तत्काल व्यवहार्य होगा । मैंने सदन में इस का केवल उल्लेख किया है । मेरे विचार में हमें इस उद्देश्य को सामने रखना चाहिये, भले ही हमें कठिनाइयां आएं । दरअसल, अधिकांश मामलों में हमारा उद्देश्य अर्द्ध स्वायत्त निगम होना चाहिए । स्पष्टतः नीति और अन्य बातें सरकार द्वारा नियंत्रित होंगी । लेकिन सरकार या सरकारी विभाग उन के रोजमर्रा के कामों में हस्तक्षेप नहीं करेंगे । लेकिन यह तात्कालिक प्रश्न नहीं है ।"

यह उन्होंने उस वक्त कहा था सन् 1948 में । आज तो हम 32-33 साल आगे बढ़ चुके हैं । हमें स्वायत्तता के बारे में विचार करना चाहिये । दुनिया के अनेक देशों में यह महत्वपूर्ण प्रसारण का आकाशवाणी और टेलीविजन का विभाग वहां स्वायत्त-शासी संस्थाओं को दिया हुआ है । आस्ट्रेलिया के अंदर आस्ट्रेलिया ब्राडकास्टिंग कमीशन है जो संघीय सरकार के खर्चे से चलता है । उस के सारे खर्चे की पूर्ति तो सरकार करती है लेकिन वह जो कार्यक्रम प्रसारित करता है उस में वह पूरा स्वतंत्र है, उसके ऊपर किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होता, उन को सरकार कोई निर्देश नहीं देती। बेल्जियम में रेडियो और टी. वी. की संस्थाएं हैं वह स्वायत्त-शासी संस्थाएं हैं । कैनाडा में कैनाडियन ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन है जो संसद के प्रति उत्तरदायी है, सरकार के प्रति नहीं । रेडियो पीकिंग की जो प्रसारण व्यवस्था है उसे सारी दुनिया जानती है, बहुत सशक्त प्रसारण क्षमता है । हमारे देश में हम कहां हैं इस के बारे में विचार करना चाहिए । पश्चिम जर्मनी में तो मौलिक कानून के अनुच्छेद 555 के अन्तर्गत अभिव्यक्ति, प्रेस और प्रसारण की आजादी की गारन्टी दी गई है और यह व्यवस्था है कि सेंशरशिप कभी लागू नहीं होगी ।

सारी दुनिया के परिप्रेक्ष्य में हमें देखना होगा । फ्रांस का रेडियो और टी. वी. सरकारी नियंत्रण में नहीं है । वहां पहले सरकारी नियंत्रण था, 1974 में उस का पुनर्गठन किया गया । छः सदस्यीय प्रशासनिक मंडल में दो सरकारी प्रतिनिधि हैं, एक संसद सदस्य है, एक समाचार पत्रों के प्रतिनिधि है, एक उनके स्टाफ का प्रतिनिधि है और एक सांस्कृतिक क्षेत्र का व्यक्ति भी

[श्री सत्य नारायण जटिया]

उन्होंने लिया है। इस प्रकार के छः व्यक्तियों का एक प्रशासन मंडल बनाया हुआ है। ऐसा ही जापान के अंदर है। जापान प्रसारण के क्षेत्र में ज्यादा स्वायत्त है। वहां एन. एच. के. जापान ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन सारा काम देखता है। वह अपना खर्च स्वयं जुटा लेता है, इसलिए किसी प्रकार के सरकारी और स्रोत पर निर्भर नहीं होता। अन्य देशों के बारे में जब यह सारी बातें हैं तो हमारा देश कहां है, इस बारे में हमें सोचना होगा।

कार्यक्रमों के अंदर किसी प्रकार का हस्तक्षेप न हो, यह तभी संभव होगा जब हम इस को "आटोनामस स्टेटस" दें। नेहरू जी ने कहा था कि अर्द्ध स्वायत्तता दे दी जाये। क्या यह बात अब तक पूरी हुई है? इस बारे में हम समझते हैं कि पिछले वर्षों में कुछ काम हुआ है, उस काम को और आगे बढ़ाना चाहिये।

जहां तक इस प्रसारण का मामला है इस में हम काफी पीछे हैं। शार्टवेव ट्रांसमिशन में हम काफी पीछे रह गए हैं। अभी हमारे यहां तो यह स्थिति है कि हम 250 किलोवाट के शार्टवेव प्रसारण के युग में हैं जब कि दुनिया के 11 देशों के अंदर इस प्रसारण में 500 किलोवाट शार्टवेव के माध्यम से वे ट्रांसमिट करते हैं। हमारा सशक्त ट्रांसमिशन होगा तो अपने देश की नीति के बारे में और उस के कार्यकलापों के बारे में सारे विश्व को हम बता सकेंगे।

आज जब सारी दुनिया में इस की होड़ लगी हुई है हम यदि अपने आप को आगे न बढ़ा पायें तो यह ठीक नहीं होगा।

जहां तक टी. वी. का मामला है हिन्दुस्तान के अंदर टी. वी. की तो अभी शुरूआत है। मैं समझता हूं कि 1959 से शायद यह शुरू हुआ होगा। किन्तु इस में हम आगे नहीं बढ़ पाये। इस में हम कुछ उल्लेखनीय कार्य कर पाये हों, ऐसा नहीं है। हिन्दुस्तान की आबादी का बहुत बड़ा ~ ऐसा है कि जिस के लिए टी. वी. ~ नहीं मिल पाई है। मेरा कहना है कि टी. वी. को किस प्रकार से विकसित किया जाय, इस को आगे बढ़ाने का काम होना चाहिये। ये जो आप के संचार विभाग के माइक्रोवेव टावर हैं उन से भी रिले कर के हम इस व्यवस्था को काफी आगे बढ़ा सकते हैं।

यह मास एजूकेशन का एक बहुत बड़ा माध्यम हो सकता है। कृषि के लिए आप प्रसारण कर सकते हैं। गांव गांव तक हम जो टैक्नालाजी को ले जाना चाहते हैं उसके लिए अगर ठीक प्रकार से प्रसारण किये जायेंगे तो उनसे सभी को लाभ मिलेगा। आज कृषि के क्षेत्र में जो अनुसंधान किए जा रहे हैं तथा अन्य क्षेत्रों में भी जो विकास कार्य चल रहे हैं, सरकार की जो नीतियां हैं और विरोधी पक्ष की जो बातें हैं--इन सारी बातों को देने के लिए टी. वी. एक प्रभावी माध्यम है। मुझे पता लगा है कि दिल्ली का जो टी. वी. है वह भी कोई एफिशिएन्ट नहीं है। उसके कार्यक्रम थका देने वाले एवं नीरस होते हैं। वहां पर कुछ लोगों की सूची बनी हुई है जिस से कुछ लोगों को तो प्रोत्साहन मिलता है और कुछ लोगों को कोई पूछता ही नहीं है। ऐसे डेढ़ सौ, दो सौ ड्रामा के कलाकार हैं, इंस्ट्रूमेन्ट्स के कलाकार एनलिस्ट हैं--इन सभी को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। निश्चित रूप से यह सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का एक शक्तिशाली माध्यम है। टी. वी. के सम्बन्ध में सरकार को कोई उचित नीति बनाने पर विचार करना चाहिए ताकि उसके द्वारा सभी को प्रोत्साहन मिल सके।

जहां तक मध्य प्रदेश का मामला है, वहां पर ट्रांसमिटिंग कैपेसिटी बहुत कम है। भोपाल में दूरदर्शन है ही नहीं। भोपाल मध्य प्रदेश की राजधानी है, वहां पर दूरदर्शन होना चाहिए। इन्दौर में मीडियम वेव से प्रोग्रामस ट्रांसमिट किए जाते हैं, वहां पर शार्टवेव ट्रांसमिटर होना चाहिए। उज्जैन एक सांस्कृतिक नगर है। इसी प्रकार से रतलाम, मंसोर, ग्वालियर जो भी स्थान हैं वहां पर इस प्रकार की सुविधायें प्रदान करने की बात सोची जानी चाहिये। हमारे संचार विभाग की ओर से जो माइक्रो टावर लगे हैं

उनके माध्यम से आप प्रोग्राम्स को रिले तो कर ही सकते हैं । अगर सारा देश आगे बढ़ता जाए और मध्य प्रदेश में इस प्रकार की सुविधायें न पहुंचें तो यह उचित नहीं होगा । इसलिए मेरी मांग है कि रतलाम मन्दसौर, उज्जैन, ग्वालियर—ऐसे जो भी छूटे हुए स्थान हैं वहां पर रेडियो स्टेशन की कैपेसिटी को बढ़ाया जाए तथा टेली-विजन की सुविधा प्रदान करने के सम्बन्ध में भी मंत्रालय विचार करे ।

अन्य जो तमाम बातें हैं उनको कहने के लिए बहुत काफी समय चाहिए । मैं यह अवश्य कहूंगा कि इस विभाग में काम करने के लिए कोई विदेशी तो आने वाला नहीं है, हमारे अपने ही लोग वहां पर हैं और हमारी अपनी टेक्नालाजी है । लेकिन बहुत सारी ऐसी बातें हो सकती हैं जिनमें विदेशों पर निर्भर रहना होता होगा । उसी तरह से विकास के काम में यदि हम विदेशों की मदद न लें तो मैं समझता हूं वह ठीक नहीं होगा । विदेशी टेक्नालाजी के माध्यम से हम देश में विकास का काम करें । दुनिया के वे देश जो कि हमारे साथ आजाद हुए थे उनमें आज काफी प्रगति हुई है, उनमें ट्रांसमिटिंग पावर काफी बढ़ी है । इसलिए हमें भी बी.बी.सी. या वायस आफ अमेरिका की ताकत के अनुरूप अपने देश की ट्रांसमिटिंग कैपेसिटी खड़ी करनी चाहिए ।

जहां तक समाचारों के प्रेषण का मामला है, अथवा समाचार एजेंसीज का मामला है उसके बारे में भी हमारा कोई दुर्लक्ष्य नहीं होना चाहिए । भाषायी समाचार जो कि ठेठ गांवों तक पहुंचते हैं उनके सम्बन्ध में सरकार को सोचना चाहिये और उनको प्रोत्साहन देना चाहिए । जो भाषायी समाचार एजेंसीज हैं, जो भाषायी समाचार ट्रांसमिट करती हैं, जो नागरी लिपि में समाचार ट्रांसमिट करती हैं उनको प्रोत्साहन देने की बात सरकार को सोचना चाहिए । हिन्दुस्तान मशीन्स का जो कारखाना मद्रास में लगा हुआ है वह भाषायी समाचारों के लिए उपयुक्त मशीन नहीं बना पाता । उसकी अपनी कुछ कठिनाइयां होंगी लेकिन अगर विभाग इसके बारे में रुचि लें तो मैं समझता हूं बहुत कुछ करना सम्भव हो सकता है, बहुत कुछ किया जा सकता है ।

जहां तक सेन्सर बोर्ड का मामला है, इस के बारे में मैं कुछ अधिक नहीं कहना चाहता क्योंकि मुझे समयाभाव के कारण अपनी कोई बात सेन्सर नहीं करवानी है । एक बात मैं जरूर कहना चाहता हूं कि एक फिल्म एक भाषा में बनती है, नमूने के लिए फिल्म "प्रतिशोध" जब तमिल भाषा में बनी थी तब उसको "यू" सर्टिफिकेट दिया गया था लेकिन जब वही फिल्म डब करके हमारे यहां बनाई गई तो उसको "ए" सर्टिफिकेट दिया गया । जो भी बात हम यहां पर कहें उसको अगर दूसरी भाषा में कह दिया जाए तो उसका अर्थ नहीं बदल जाता, उसका रूप नहीं बदल जाता । भाषा अलग है लेकिन बात वही है । जैसे कि मैं यहां पर बोल रहा हूं तो उसको अंग्रेजी भाषा में इन्टरप्रेट किया जा रहा है लेकिन उसका अर्थ नहीं बदल रहा है । इसलिए यह जो सेंसरशिप का गोरखधंधा है उसपर विचार करने की आवश्यकता है । साथ ही हमारे यहां फीचर फिल्म ज्यादा बनाई जानी चाहिए जिनके माध्यम से कृषि तथा दूसरी टेक्नालाजीज के विकास का काम होना चाहिए । अभी मैं पढ़ रहा था, मंत्रालय ने जो रिपोर्ट दी है उसमें बताया गया है कि प्रसारण के काफी घंटे बढ़ा दिए गए हैं । वैसे यह खुशी की बात है लेकिन जो घंटे बढ़े हैं वह किस तरह से बढ़े हैं? आपने विविध भारती के प्रसारणों को बढ़ा दिया है । अगर वास्तव में एजूकेशन को हम देखें तो उसके प्रसारण केवल 3 परसेन्ट और ग्रामीण प्रसारण 5 प्रतिशत है । तो इसको केवल मनोरंजन के साधन तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए, जबकि दुनिया के दूसरे देश टेक्नालाजी को बढ़ाने के क्षेत्र में और एजूकेशन बढ़ाने के क्षेत्र में इसका प्रयोग कर रहे हैं ।

सभापति जी, आपको पता होगा कि बी. बी. सी. ने ओपन-यूनिवर्सिटी का एक कार्यक्रम शुरू किया है । जब दुनिया के देश इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली के आधार पर विकास कर सकते हैं, तो भारत देश क्यों नहीं कर सकता है ?

[श्री सत्य नारायण जटिया]

जैसा कि हमारी बहन, माननीय मंत्री महोदय ने कहा कि हमने काफी स्वायत्ता दे रखी है, जैसा कि उनके कार्यक्रमों से पता चलता है । स्वायत्ता स्वरूप देने में कोई दिक्कत नहीं है । मैं आपको कुछ आंकड़े देना चाहता हूं, जिससे आपको पता चल जाएगा, जनवरी माह के पहले पखवाड़े में रात्रि अंग्रेजी न्यूज बुलेटिन में कितनी लाइनें प्रसारित हुई हैं विदेशी समाचार के अलावा मेरा देश के किसी नेता या प्रधानमंत्री के बारे में आरोप नहीं है, किन्तु जो लाइनें उस पखवाड़े के अन्दर प्रसारित हुई हैं वे हैं 2551 । प्रधानमंत्री के संबंध में जो स्थान दिया गया वह स्थान है 532 पंक्तियां कांग्रेस पार्टी को 734, पंक्तियां अपोजीशन के लोगों को 134 लाइनें हैं—इस प्रकार 50 प्रतिशत प्रकाशन सिर्फ कांग्रेस (इ) के प्रचार के लिए रहा । मैं आरोप-प्रत्यारोप की बात नहीं करता हूं, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि संसद की सारी बातों का ज्यादा से ज्यादा प्रसारण होना चाहिए । प्रजातन्त्र के अन्दर, डेमोक्रेसी के अन्दर हर एक व्यक्ति को भावनाओं की अभिव्यक्ति पर ध्यान देना चाहिए, ऐसा मेरा विश्वास है ।

**17.51 hrs.**

[MR. DEPUTY-SPEAKET *in the Chair*]

मैं सोचता हूं कि हमारे योग्य मंत्री जी जो मैंने सुझाव दिए हैं, उन पर विचार करेंगे तथा मध्य प्रदेश के अन्दर रेडियो से प्रसारण के बारे में और टेलीविजन के बारे में जो मैंने मंत्री जी का ध्यान आकर्षित किया है, उस पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। इन शब्दों के साथ सभापति जी मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया ।

**श्री वृद्धि चन्द्र जैन** (बाड़मेर) : उपाध्यक्ष महोदय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय की अनुदान की मांगों के बारे में मैं अपने विचार आपके माध्यम से सदन के समक्ष रखना चाहता हूं ।

सूचना एवं प्रसारण विभाग अगर मुस्तैदी से कार्य करे तो सामाजिक क्रान्ति पैदा कर सकता है । सामाजिक क्रान्ति पैदा करने की आवश्यकता इसलिए है कि अभी हमारे हिन्दुस्तान में बहुत से रूढ़िवादी तरीके, रूढ़िवादी जो सिस्टम चल रहा है, उसमें बहुत ज्यादा परिवर्तन करने की आवश्यकता है । फिल्म डिवीजन ने कुछ कार्य किया है । मैं फिल्म डिवीजन ने जो फिल्में बनाई हैं, उनको देख रहा था, परन्तु उन को और प्रभावशाली बनाने की आवश्यकता है । परिवार-नियोजन के बारे में भी फिल्म्स बनाने की आवश्यकता है । जो फिगर्स दी गई हैं, वे एलार्मिंग फिगर्स हैं। हमारा देश जब 15 अगस्त, 1947 को आजाद हुआ था, उस वक्त हमारी जनसंख्या 34 करोड़ थी और अब वह बढ़कर 68 करोड़ हो गई है । इसलिए परिवार नियोजन के कार्यक्रम को सफल बनाने में हमारा सूचना और प्रसारण विभाग बहुत ही महत्वपूर्ण रोल अदा कर सकता है, जो कि उसको करना चाहिए । इस संबंध में फिल्म डिवीजन भी कार्य करे और जितनी भी भाषायें हैं, चाहे वह सिन्धी हो, राजस्थानी हो, प्रत्येक भाषा में परिवार नियोजन के कार्यक्रम का प्रसार और प्रचार करने की आवश्यकता है, क्योंकि इसके बिना हमारी प्रगति और विकास नहीं हो सकता है । हमारी छठी पंचवर्षीय योजना की प्रगति इस पर निर्भर है कि हम किस प्रकार परिवार नियोजन के कार्यक्रम को फलीभूत कर सकते हैं, जिससे कि हमारे देश की तरक्की हो सके । इस संबंध में मैं यह कहना चाहता हूं कि फिल्म डिवीजन सक्रिय रोल प्ले करे और परिवार नियोजन के कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दे, ताकि यह कार्यक्रम सफल हो सके ।

दूसरी बात अभी मेरे मित्र आचार्य भगवान देव कह रहे थे कि आप के साधन बड़े सीमित हैं, इसलिए आप के सामने बहुत सी कठिनाइयां हैं । लेकिन ऐसी स्थिति में भी आप को प्राथमिकताओं को देखना ही पड़ेगा । यदि प्राथमिकताओं को नहीं देखेंगे, तो कार्य नहीं चलेगा । मेरा निर्वाचन क्षेत्र बाड़मेर और जैसलमेर है—जो 70 हजार वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ

है। जो केरल प्रान्त से दुगना है और हरियाणा प्रान्त से पौने-दो गुना है। इस क्षेत्र की आपने घोर उपेक्षा कर रखी है। हमारे क्षेत्र के 50 प्रतिशत भाग में तो हम रेडियो की खबरें भी नहीं सुन पाते, जयपुर की न्यूज नहीं पहुंच पाती, अजमेर की न्यूज नहीं पहुंच पाती, बीकानेर और सूरतगढ़ की न्यूज नहीं पहुंच पाती, यहां तक कि दिल्ली का रेडियो भी वे नहीं सुन पाते। जब 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध हुआ और उसके बाद 1971 में युद्ध हुआ उस समय वहां की आवाज बहुत साफ सुनाई देती थी, कराची और लाहोर के रेडियो बहुत बुलंद आवाज में बोलते थे। आप हमारे मोरेल को बुस्ट करना चाहते हैं, आप कहते हैं कि हम देश के प्रहरी हैं--लेकिन हमारे लिए आप क्या कर रहे हैं? पांचवी पांच वर्षीय योजना में आप ने हमारे लिये प्रावधान किया, चौथी पांच वर्षीय योजना में किया, लेकिन 6ठी पंच वर्षीय योजना में मैंने देखा कि आपने हमारे लिये कोई प्रावधान नहीं किया है। मुझे इस बात का बड़ा दुख है, पता नहीं क्यों आप हमारी अवहेलना कर रहे हैं। यही अवहेलना आप ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की की थी, जिसके नतीजे आज आप भुगत रहे हैं और अब आप जिस प्रकार से हमारे क्षेत्र को उपेक्षा कर रहे हैं उसके परिणाम भी आप को भुगतने पड़ेंगे। इस लिये मैं कहना चाहता हूं-हम भी सजग हैं, हमारी जनता भी सजग है, रेगिस्तानी क्षेत्र एक बहुत बड़ा क्षेत्र है, उस की जनसंख्या भी बढ़ रही है, 10 वर्ष के सेन्सस के अनुसार 45 परसेन्ट बढ़ी है, इस लिये इस क्षेत्र के बारे में विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

इसी तरह से आज राजस्थान के रेडियो स्टेशनज की यह स्थिति है कि हम जयपुर, जोधपुर, बीकानेर की न्यूज दिल्ली में सुनना चाहें तो नहीं सुन सकते हैं। वहां के स्टेशन इतने कमजोर हैं कि उन की आवाज यहां नहीं सुनाई पड़ती है। हम दिल्ली में बैठ कर अपने क्षेत्र में होने वाली घटनाओं की जानकारी लेना चाहें तो ले नहीं सकते हैं। यह स्थिति हम बरदास्त नहीं कर सकते हैं। आकाशवाणी की दृष्टि से हमारी घोर उपेक्षा की गई है, दूरदर्शन की दृष्टि से तो हम कहीं भी नहीं हैं, हमारा कोई स्थान ही नहीं है। जयपुर में आप ने अभी थोड़ी सी व्यवस्था की है, अजमेर के लिये भी आप ने कहा है। लेकिन जोधपुर भी एक बहुत महत्वपूर्ण स्थान है--इन सब के लिए दूरदर्शन की व्यवस्था होनी चाहिये।

अब थोड़ा सा दूरदर्शन के कार्यक्रमों के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं। मैंने दूरदर्शन के कार्यक्रमों को देखा है--आप के दूरदर्शन और आकाशवाणी के कार्यक्रमों में 50 प्रतिशत समय तो मनोरंजन के कार्यक्रमों पर लग जाता है। इन कार्यक्रमों को थोड़ा एजूकेटिव वेल्यू देनी होगी, सामाजिक कार्यक्रमों को हाथ में लेना होगा, एक तरह से कंस्ट्रक्टिव रोल आपके कार्यक्रमों को प्ले करना चाहिये। डवेलपमेन्टल एक्टिविटीज की तरफ पूरा ध्यान देना चाहिये। जो फिल्में दूरदर्शन पर दिखलाई जाती हैं वे हिंसा को प्रोत्साहन देती हैं, घृणा को पैदा करती हैं। मेरी दृष्टि में इस प्रकार की फिल्मों को दूरदर्शन पर नहीं दिखाया जाना चाहिये। फिल्मों के सिलैक्शन में ज्यादा टाइम नहीं लगेगा, मेरा अनुरोध है मंत्री जी तथा डिप्टी मिनिस्टर महोदय स्वयं इन फिल्मों को देखें, क्योंकि आज जो कानून और व्यवस्था की स्थिति बिगड़ी हुई है, जो ला-लेस-नेस छाई हुई है, जो घृणा का वातावरण फैला हुआ है उस में इन फिल्मों का सक्रिय योग है...

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Jain you can continue tomorrow.

---

**18 hrs.**

## PAPERS LAID ON THE TABLE — *Contd.*

### NOTIFICATION EXEMPTING CERTAIN ITEMS PRODUCED BY SMALL SCALE MANUFACTURERS FROM EXCSE DUTY

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI VASANT SATHE): On behalf of Shri Sawai Singh Sisodia, I beg to